# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

सत्यमेव जयते

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/05/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?
a) 7 : 11
b) 9 : 14
c) 11 : 18
d) 13 : 21

**Ans**
✗ A. 13 : 21
✗ B. 7 : 11
✓ C. 9 : 14
✗ D. 11 : 18

**Q.2** पाइप A एक टंकी को 12 घंटे में भर सकता है और दूसरा पाइप B उसे 18 घंटे में खाली कर सकता है। पाइप A को पहले खोला जाता है और 4 घंटे बाद पाइप B को भी खोला जाता है। टंकी कुल कितने समय में भरेगी?

**Ans**
✗ A. 24 घंटे
✗ B. 36 घंटे
✗ C. 32 घंटे
✓ D. 28 घंटे

**Q.3** एक माँ और एक पुत्री की आयु क्रमशः 36 वर्ष और 12 वर्ष है। कितने वर्षों में माँ की आयु, पुत्री की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

**Ans**
✗ A. 15 वर्ष
✓ B. 12 वर्ष
✗ C. 10 वर्ष
✗ D. 8 वर्ष

**Q.4** एक घन के प्रत्येक कोर की लंबाई 10 cm है। यदि घन के भीतर एक गोला उत्कीर्ण किया जाए, तो गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल और घन के बाह्य पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ A. $\pi:6$
✗ B. $\pi:3$
✗ C. $3:\pi$
✗ D. $6:\pi$

Q.5 एक क्रिकेटर ने 9 मैचों में औसतन 55 रन बनाए हैं। 10वें मैच में उसने 85 रन बनाए। उसका नया औसत कितना है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. 57
- ✗ B. 55
- ✗ C. 56
- ✓ D. 58

Q.6 दो बसें एक ही समय पर दो शहरों, जो एक दूसरे से 264 km दूर हैं, से चलना शुरू करती हैं और एक ही राजमार्ग पर एक दूसरे की ओर यात्रा करती हैं। पहली बस 22 km/h की चाल से यात्रा करती है, जबकि दूसरी बस 26 km/h की चाल से यात्रा करती है। दोनों बसें कितने समय के बाद एक दूसरे से मिलेंगी?

Ans
- ✗ A. 5 घंटे
- ✓ B. 5.5 घंटे
- ✗ C. 6.5 घंटे
- ✗ D. 6.25 घंटे

Q.7 3 वयस्कों और 4 बच्चों के एक समूह ने फिल्म टिकट के लिए ₹380 का भुगतान किया। 2 वयस्कों और 3 बच्चों के एक अन्य समूह ने समान टिकट के लिए ₹270 का भुगतान किया। एक वयस्क टिकट की कीमत कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹80
- ✗ B. ₹50
- ✗ C. ₹70
- ✓ D. ₹60

Q.8 एक विद्यार्थी ने प्रारंभ में गणित और भौतिकी में समान अंक प्राप्त किए। बाद में, गणित के अंकों में मूल अंकों के 20% की वृद्धि होती है, जबकि भौतिकी के अंकों में मूल अंकों के 10% की कमी होती है। प्रारंभिक कुल अंकों को आधार मानते हुए, कुल अंकों में समग्र प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5% की कमी
- ✗ B. कोई परिवर्तन नहीं
- ✗ C. 10% की वृद्धि
- ✓ D. 5% की वृद्धि

Q.9 यदि $\sin A = \frac{5}{7}$ है, तो $\frac{5\ \operatorname{cosec}A - 7\ \sin A}{2\sqrt{6}\ \sec A + 7\ \cos^2 A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{3}{19}$
- ✗ B. $\frac{9}{23}$
- ✗ C. $\frac{11}{46}$
- ✓ D. $\frac{14}{73}$

Q.10 यदि ₹5,000 पर T वर्षों के लिए 6% वार्षिक दर से प्राप्त साधारण ब्याज, ₹7,500 पर 4 वर्षों के लिए 4% वार्षिक दर से प्राप्त साधारण ब्याज के बराबर है, तो T का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✓ D. 4

Q.11 $21^3 + (-2)^3 + (-19)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 2394
- ✗ B. 2468
- ✗ C. 2397
- ✗ D. 2354

Q.12 एक पुस्तक विक्रेता ने ₹375 प्रति सेट की दर से पुस्तकों के 7 एकसमान सेट खरीदे। उसने 3 सेट को 16% प्रति सेट के लाभ पर और शेष सेट को 24% प्रति सेट के लाभ पर बेच दिया। सभी सेट बेचने से उसका कुल लाभ (₹ में) कितना हुआ?

Ans
- ✗ A. ₹572
- ✗ B. ₹588
- ✔ C. ₹540
- ✗ D. ₹504

Q.13 m का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित को संतुष्ट करता हो:

$$\left(\frac{14}{6}\right)^8 \times \left(\frac{6}{14}\right)^3 \times \left(\frac{14}{6}\right)^{10} = \left(\frac{6}{14}\right)^{9m+9}.$$

Ans
- ✗ A. $-\frac{25}{9}$
- ✗ B. $-\frac{28}{9}$
- ✔ C. $-\frac{8}{3}$
- ✗ D. $-\frac{32}{9}$

Q.14 चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 15, 12 और 14 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 5 प्राप्त हो।

Ans
- ✗ A. 9192
- ✗ B. 9988
- ✗ C. 9595
- ✔ D. 9665

Q.15 एक कंपनी 5 घंटे में 1,520 पैकेट नूडल्स बनाती है। उसी दर से 17 घंटे में वह कितने पैकेट बनाएगी?

Ans
- ✔ A. 5,168
- ✗ B. 5,816
- ✗ C. 5,861
- ✗ D. 5,618

Q.16 यदि कोई धनराशि, 5% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 3 वर्षों में ₹4,600 हो जाती है, तो वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹4,200
- ✗ B. ₹3,500
- ✔ C. ₹4,000
- ✗ D. ₹3,800

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.17 निम्नलिखित में से संख्याओं का कौन-सा युग्म सह-अभाज्य नहीं है?

Ans
- ✗ A. (173, 351)
- ✓ B. (171, 273)
- ✗ C. (127, 257)
- ✗ D. (177, 827)

Q.18 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 43% और 19% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 41%, 21% और 49% की क्रमिक छूट
(C) पहले 5 खिलौनों पर 35% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 3% की छूट
(D) 5 खिलौने खरीदने पर 4 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 5 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✗ A. B
- ✓ B. C
- ✗ C. D
- ✗ D. A

Q.19 एक समबहुभुज के सभी अंत:कोणों का योगफल 1800° है। इस बहुभुज में कितने विकर्ण हैं?

Ans
- ✗ A. 51
- ✗ B. 50
- ✗ C. 53
- ✓ D. 54

Q.20 एक दुकानदार, ₹1,000 अंकित मूल्य वाली एक फ्रॉक पर 18% और 15% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। फ्रॉक का अंतिम विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 679
- ✗ B. 796
- ✗ C. 769
- ✓ D. 697

Q.21 यदि किसी व्यक्ति के वेतन में पहले 15% की वृद्धि होती है और फिर उसके बाद 12% की कमी होती है, तो उसके वेतन में नेट परिवर्तन क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 1.2% की वृद्धि
- ✗ B. 1.4% की कमी
- ✗ C. 1.2% की कमी
- ✗ D. 1.32% की कमी

Q.22 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$\frac{3+\sqrt{6}}{5\sqrt{3}-2\sqrt{12}-\sqrt{32}+\sqrt{50}}$$

Ans
- ✓ A. $\sqrt{3}$
- ✗ B. $\sqrt{6}$
- ✗ C. $\sqrt{5}$
- ✗ D. $\sqrt{2}$

Q.23 एक समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर लंबवत हैं और एक दूसरे को समद्विभाजित करते हैं। एक विकर्ण दूसरे विकर्ण से 10 cm अधिक लंबा है। यदि समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 600 $cm^2$ है, तो समचतुर्भुज का परिमाप (cm में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 84 cm
- ✓ B. 100 cm
- ✗ C. 120 cm
- ✗ D. 96 cm

Q.24 अर्शदीप, संदीप और अवतार, तीन मित्र कार द्वारा एक यात्रा पर हैं। अर्शदीप पहले 3 घंटे 52 km/hr की औसत चाल से ड्राइव करता है। संदीप अगले 4 घंटे 65 km/hr की औसत चाल से ड्राइव करता है। अवतार अगले 3 घंटे 76 km/hr की औसत चाल से ड्राइव करता है। वे ठीक 10 घंटों के पश्चात अपने गंतव्य स्थल पर पहुँच गए। यात्रा के दौरान उनकी औसत चाल क्या थी?

Ans
- ✗ A. 60.2 km/hr
- ✗ B. 65.2 km/hr
- ✗ C. 56.4 km/hr
- ✓ D. 64.4 km/hr

Q.25 एक टैंक को पाइप P द्वारा 8 घंटे में और पाइप Q द्वारा 4 घंटे में भरा जा सकता है। यदि Q से शुरू करते हुए, दोनों पाइपों में से प्रत्येक को एकांतर रूप से एक-एक घंटे के लिए खोला जाए, तो टैंक को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

Ans
- ✓ A. 5 घंटे
- ✗ B. 6 घंटे
- ✗ C. 4 घंटे और 40 मिनट
- ✗ D. 5 घंटे और 20 मिनट

Q.26 चित्रा को ₹2,200 के अंकित मूल्य वाले वाटर कूलर पर 40% की छूट मिलती है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर उसे 20% की अतिरिक्त छूट मिलती है। वह कुल कितना भुगतान (₹ में) करती है?

Ans
- ✗ A. 1,058
- ✗ B. 1,059
- ✓ C. 1,056
- ✗ D. 1,055

Q.27 दो बहनों की वर्तमान आयु का अनुपात 5 : 7 है। 4 वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 6 : 8 होगा। छोटी बहन की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 18 वर्ष
- ✓ B. 20 वर्ष
- ✗ C. 22 वर्ष
- ✗ D. 24 वर्ष

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 88 से विभाज्य नहीं है?

Ans
- ✗ A. 968
- ✗ B. 1144
- ✗ C. 1232
- ✓ D. 1058

Q.29 5 संख्याओं का औसत 18.5 है। यदि एक संख्या हटा दी जाए, तो शेष 4 संख्याओं का औसत 16 हो जाता है। हटाई गई संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 28.5
- ✗ B. 28
- ✗ C. 29.5
- ✗ D. 29

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.30 A, B और C क्रमशः ₹60,000, ₹80,000 और ₹1,20,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। एक वर्ष बाद, कुल ₹78,000 का लाभ होता है। C का हिस्सा, B के हिस्से से कितना अधिक है?

Ans
- ✗ A. ₹9,800
- ✗ B. ₹10,600
- ✓ C. ₹12,000
- ✗ D. ₹9,400

## Section : General Awareness

Q.31 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में जनसंख्या घनत्व सबसे कम था?

Ans
- ✗ A. लक्षद्वीप
- ✗ B. पुदुचेरी
- ✓ C. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
- ✗ D. चंडीगढ़

Q.32 दशावतार मंदिर-देवगढ़ किस मंदिर शैली का प्रारंभिक उदाहरण होने के कारण महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. शैलकृत वास्तुकला
- ✓ B. पंचायतन नागर मंदिर
- ✗ C. द्रविड़ शैली
- ✗ D. वेसर शैली

Q.33 पंचायतों के अध्यक्षों के प्रतिनिधित्व के लिए प्रावधान करने वाले कानून ___________ द्वारा बनाए जाते हैं।

Ans
- ✓ A. राज्य विधानमंडल
- ✗ B. राज्य के राज्यपाल
- ✗ C. भारत की संसद
- ✗ D. भारत के राष्ट्रपति

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा तटीय मैदान अपने राज्य से सुमेलित है?

Ans
- ✓ A. उत्कल मैदान – ओडिशा
- ✗ B. कोरोमंडल मैदान – केरल
- ✗ C. कोंकण मैदान – तमिलनाडु
- ✗ D. मालाबार मैदान – गुजरात

Q.35 भारत में मुख कैंसर की घटनाओं का संबंध निम्नलिखित में से किस हानिकारक पदार्थ के बार-बार सेवन से प्रबल रूप से जुड़ा हुआ है?

Ans
- ✓ A. तंबाकू
- ✗ B. तला हुआ खाना
- ✗ C. शीतल पेय
- ✗ D. उच्च नमक वाला आहार

Q.36 विश्व बैंक के 2025 के यात्रा और पर्यटन आर्थिक प्रभाव अनुसंधान (EIR) के अनुसार, 2024 में कुल वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वैश्विक पर्यटन उद्योग का योगदान कितना था?

Ans
- ✗ A. 20%
- ✓ B. 10%
- ✗ C. 12%
- ✗ D. 15%

Q.37 महाराष्ट्र में स्थित किस उत्तर हड़प्पा और ताम्रपाषाणकालीन स्थल से धातु-ढलाई वाली मूर्तियों के उत्कृष्ट उदाहरण प्राप्त हुए हैं?

Ans
- ✗ A. तेकवाड़ा (Tekwada)
- ✗ B. चंदोली (Chandoli)
- ✓ C. दैमाबाद (Daimabad)
- ✗ D. इनामगांव (Inamgaon)

Q.38 गोपाल कृष्ण गोखले के साथ 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (Servants of India Society)' के संस्थापक सदस्य कौन थे?

Ans
- ✗ A. ए.ओ. ह्यूम, दादाभाई नौरोजी, लाला लाजपत राय
- ✗ B. सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल
- ✓ C. नतेश अप्पाजी द्रविड़, गोपाल कृष्ण देवधर, अनंत विनायक पटवर्धन
- ✗ D. राजेंद्र प्रसाद, सी.आर. दास, महात्मा गांधी

Q.39 निम्नलिखित में से किस देश में 5-7 अप्रैल 2026 तक वन हेल्थ समिट (One Health Summit) का आयोजन किया गया था?

Ans
- ✗ A. म्यांमार
- ✗ B. जर्मनी
- ✗ C. चीन
- ✓ D. फ्रांस

Q.40 उत्कृष्ट गैसें कक्ष ताप पर गैसों के रूप में क्यों विद्यमान होती हैं जबकि हैलोजन, वर्ग में नीचे जाने पर ठोस, द्रव या गैस के रूप में विद्यमान होते हैं?

Ans
- ✗ A. उत्कृष्ट गैसों की अभिक्रियाशीलता उच्च होती है
- ✗ B. उत्कृष्ट गैसों का परमाणु आकार बड़ा होता है
- ✗ C. उत्कृष्ट गैसों में प्रबल रासायनिक आबंध होते हैं
- ✓ D. उत्कृष्ट गैसों में दुर्बल अंतराअणुक बल होते हैं

Q.41 'एजेंडा 21' — सतत विकास के लिए व्यापक कार्य योजना — किस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनाया गया था?

Ans
- ✗ A. 2016 – किगाली समझौता
- ✗ B. 1961 – वियना कन्वेंशन
- ✓ C. 1992 – अर्थ समिट, रियो डी जनेरियो
- ✗ D. 1972 – स्टॉकहोम सम्मेलन

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा ब्रिटिश अधिकारी अवध के विलय के लिए उत्तरदायी था, जो 1857 से पहले असंतोष का एक प्रमुख कारण बना?

Ans
- ✗ A. लॉर्ड कैनिंग
- ✗ B. हेनरी लॉरेंस
- ✓ C. लॉर्ड डलहौज़ी
- ✗ D. चार्ल्स मैटकाफ़

Q.43 जुलाई 2025 में दिवंगत हुए वी. एस. अच्युतानंदन भारत में किस राजनीतिक दल के प्रमुख नेता थे?

Ans
- ✓ A. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
- ✗ B. भारतीय जनता पार्टी
- ✗ C. अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस
- ✗ D. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.44 1765 के बाद बंगाल में स्थापित दोहरी प्रशासनिक प्रणाली का सही वर्णन निम्न में से कौन-सी विशेषता करती है?

Ans
- ✔ A. राजस्व संबंधी शक्तियां कंपनी के पास थीं, जबकि प्रशासनिक जिम्मेदारी नवाब के पास थी।
- ✘ B. आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी प्रक्रिया के दौरान कंपनी की निगरानी से स्वतंत्र रही।
- ✘ C. राजस्व संग्रह का कार्य पूरी तरह से मुगल अधिकारियों द्वारा किया जाता था, जिसमें कंपनी का कोई नियंत्रण नहीं था।
- ✘ D. कंपनी के प्रत्यक्ष शासन के अंतर्गत न्यायिक अधिकार पूरी तरह से समेकित हो गए थे।

Q.45 अप्रैल 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है?

Ans
- ✔ A. डॉ.पूनम गुप्ता
- ✘ B. निधि तिवारी
- ✘ C. मनन कुमार मिश्रा
- ✘ D. डॉ. जय भट्टाचार्य

Q.46 निम्नलिखित में से किसे उन जल-घुलनशील विटामिनों में शामिल किया गया है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'विटामिन B कॉम्प्लेक्स' नामक एक विशिष्ट विटामिन वर्ग में रखा गया है?

Ans
- ✘ A. रेटिनोल (Retinol)
- ✘ B. कैल्सीफेरोल (Calciferol)
- ✘ C. टोकोफेरोल (Tocopherol)
- ✔ D. थायमिन (Thiamin)

Q.47 सीट्रेड मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स मिडिल ईस्ट (SMLME) सम्मेलन का निम्नलिखित में से कौन-सा संस्करण 6 मई, 2025 को दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✔ A. 11वां
- ✘ B. 7वां
- ✘ C. 9वां
- ✘ D. 12वां

Q.48 भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से किस अनुसूची में पूर्वोत्तर भारत के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के प्रावधान निहित हैं?

Ans
- ✘ A. तीसरी अनुसूची
- ✔ B. छठी अनुसूची
- ✘ C. ग्यारहवीं अनुसूची
- ✘ D. आठवीं अनुसूची

Q.49 लोथल की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी विशेषता हड़प्पा सभ्यता में समुद्री व्यापार केंद्र के रूप में इसकी भूमिका का सबसे पुख्ता प्रमाण प्रदान करती है?

Ans
- ✘ A. बस्ती के भीतर मनके बनाने की कार्यशालाओं के साक्ष्य
- ✘ B. दूरस्थ क्षेत्रों के साथ संपर्क दर्शाने वाली मुहरों की खोज
- ✘ C. गोदी संरचना के निकट स्थित एक विशाल मालगोदाम
- ✔ D. एक प्राचीन नदी मार्ग से जुड़ा हुआ ईंटों से निर्मित बेसिन

Q.50 6 अक्टूबर 2025 को किस शहर की मेट्रो रेल प्रणाली के पहले चरण का उद्घाटन हुआ, जिससे यह मेट्रो संचालित करने वाला 24वां भारतीय शहर बन गया?

Ans
- ✘ A. भुवनेश्वर
- ✘ B. कोलकाता
- ✘ C. लखनऊ
- ✔ D. पटना

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.51 निम्नलिखित में से किस सुरंग को फरवरी 2022 में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 10,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग के रूप में मान्यता दी गई थी?

Ans
- ✔ A. अटल सुरंग (Atal Tunnel)
- ✘ B. पीर पंजाल सुरंग (Pir Panjal Tunnel)
- ✘ C. चेनानी-नाशरी सुरंग (Chenani-Nashri Tunnel)
- ✘ D. जोजिला सुरंग (Zojila Tunnel)

Q.52 भारतीय संसद ने वित्तीय अनुशासन को संस्थागत रूप देने और दीर्घकालिक व्यापक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम किस वर्ष में पारित किया था?

Ans
- ✘ A. 2006
- ✔ B. 2003
- ✘ C. 2000
- ✘ D. 2009

Q.53 एक इमेज एडिटिंग प्रोग्राम और एक वीडियो एडिटिंग प्रोग्राम, दोनों ही कलर करेक्शन के लिए एक ही शेयर्ड लाइब्रेरी का उपयोग करते हैं। यह स्थिति मॉड्यूलर एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर का कौन-सा लाभ दर्शाती है?

Ans
- ✘ A. बढ़ी हुई अतिरेकता
- ✘ B. ऑफ़लाइन ऑपरेशन की गारंटी
- ✔ C. विभिन्न एप्लीकेशन्स में कोड का पुन: उपयोग
- ✘ D. सभी निर्भरताओं का निष्कासन

Q.54 फाइल एक्सप्लोरर के सर्च बॉक्स में, कौन-सा सर्च पैटर्न वर्तमान फोल्डर में उन सभी वर्ड डॉक्यूमेंट्स को ढूंढता है जिनके नाम "Unit" से शुरू होते हैं?

Ans
- ✘ A. Unit* .docx
- ✘ B. *Unit.docx
- ✔ C. Unit*.docx
- ✘ D. Unit?.txt

Q.55 निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन के माध्यम से दल-बदल विरोधी कानून (Anti-Defection Law) लागू किया गया था?

Ans
- ✘ A. 44वां संशोधन
- ✘ B. 73वां संशोधन
- ✔ C. 52वां संशोधन
- ✘ D. 61वां संशोधन

Q.56 अप्रैल 2025 में वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन (Global Justice, Love and Peace Summit) की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans
- ✔ A. दुबई
- ✘ B. नई दिल्ली
- ✘ C. मिलान
- ✘ D. ओस्लो

Q.57 भुगतान संतुलन में, विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में होने वाली वृद्धि किस श्रेणी के अंतर्गत आती है?

Ans
- ✔ A. पूँजी खाता – नामे
- ✘ B. पूँजी खाता – जमा
- ✘ C. चालू खाता – जमा
- ✘ D. चालू खाता – नामे

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.58 नवंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किस ब्रांड ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए टीम इंडिया के आधिकारिक रंग भागीदार के रूप में साझेदारी की?

Ans
- ✗ A. कंसाई नेरोलैक (Kansai Nerolac)
- ✓ B. एशियन पेंट्स (Asian Paints)
- ✗ C. बर्जर पेंट्स (Berger Paints)
- ✗ D. निप्पॉन पेंट (Nippon Paint)

Q.59 भारतीय संविधान का कौन-सा भाग, विशेष रूप से संघ की कार्यपालिका संरचना से संबंधित है?

Ans
- ✓ A. भाग V
- ✗ B. भाग VI
- ✗ C. भाग III
- ✗ D. भाग IV

Q.60 राष्ट्रीय बीज नीति किस वर्ष शुरू की गई थी?

Ans
- ✗ A. 2000
- ✓ B. 2002
- ✗ C. 2005
- ✗ D. 2007

Q.61 निम्नलिखित में से किसे लघु हिमालय और शिवालिक के बीच स्थित अनुदैर्ध्य घाटी के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

Ans
- ✗ A. पटकाई पहाड़ी घाटी
- ✗ B. कांगड़ा घाटी
- ✓ C. देहरा दून
- ✗ D. कुल्लू घाटी

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल अपने चित्र-कलाओं और मूर्तियों के लिए जाना जाता है, जिन्हें बौद्ध कला की उत्कृष्ट कृतियाँ माना जाता है?

Ans
- ✗ A. भीमबेटका गुफाएं
- ✗ B. एलिफेंटा गुफाएं
- ✓ C. अजंता की गुफाएं
- ✗ D. मावस्माई गुफा

Q.63 कंप्यूटर हार्डवेयर के संदर्भ में, संक्षिप्त रूप "PCB" का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
- ✓ A. Printed Circuit Board (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड)
- ✗ B. Peripheral Communication Bus (पेरिफेरल कम्युनिकेशन बस)
- ✗ C. Processor Control Base (प्रोसेसर कंट्रोल बेस)
- ✗ D. Primary Cache Buffer (प्राइमरी कैश बफर)

Q.64 भारतीय शास्त्रीय संगीत के संदर्भ में, "खयाल" शब्द का शाब्दिक अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✓ A. कल्पना या चिंतनशील विचार
- ✗ B. एक मधुर ढांचा
- ✗ C. एक संरचित लयबद्ध प्रतिरूप
- ✗ D. भक्ति भावना की अभिव्यक्ति

Q.65 गंगईकोंडा चोलपुरम को किस चोल शासक ने राजधानी के रूप में स्थापित किया था?

Ans
- ✗ A. राजाधिराज प्रथम
- ✓ B. राजेंद्र प्रथम
- ✗ C. राजराज प्रथम
- ✗ D. कुलोत्तुंग प्रथम

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.66 वायु में गमन करने वाली ध्वनि तरंग में, निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द उस क्षेत्र को संदर्भित करता है जहाँ कण एक साथ सघन रूप से रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उच्च दाब और उच्च घनत्व पाया जाता है?

Ans
- ✗ A. शृंग
- ✗ B. विरलन
- ✓ C. संपीडन
- ✗ D. तरंगदैर्ध्य

Q.67 नवंबर 2025 में शुरू होने वाले त्रि-सेवा अभ्यास (TSE-2025) "त्रिशूल" का नेतृत्व भारतीय सशस्त्र बलों की किस शाखा द्वारा किया गया है?

Ans
- ✓ A. भारतीय नौसेना
- ✗ B. भारतीय थल सेना
- ✗ C. भारतीय वायु सेना
- ✗ D. भारतीय तटरक्षक बल

Q.68 एक डिवाइस ड्राइवर निम्नलिखित में से किन दो घटकों के बीच इंटरफेस का कार्य करता है?

Ans
- ✓ A. ऑपरेटिंग सिस्टम और हार्डवेयर डिवाइस
- ✗ B. सॉफ्टवेयर और यूज़र
- ✗ C. यूज़र और कंप्यूटर
- ✗ D. CPU और मेमोरी

Q.69 निदेशक तत्वों का सामूहिक उद्देश्य, संविधान की उद्देशिका में प्रधान रूप से घोषित किन आदर्शों को प्राप्त करना है?

Ans
- ✗ A. एकता, विविधता और बंधुता
- ✗ B. संपत्ति, विशेषाधिकार, पदानुक्रम
- ✗ C. संप्रभुता, सुरक्षा और पदानुक्रम
- ✓ D. न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता

Q.70 भारतीय संविधान के भाग XI के अनुच्छेद 245 से 255 के अंतर्गत किस प्रकार के केंद्र-राज्य संबंधों को सम्मिलित किया गया है?

Ans
- ✗ A. प्रशासनिक संबंध
- ✗ B. न्यायिक संबंध
- ✗ C. वित्तीय संबंध
- ✓ D. विधायी संबंध

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 एक निश्चित तरीके से KY 1 का संबंध MU 17 से है। उसी प्रकार, FI 8 का संबंध HE 24 से है। समान तर्क के आधार पर, RF 3 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. KL 5
- ✗ B. YG 9
- ✗ C. KJ 7
- ✓ D. TB 19

Q.72 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) 2 9 3 3 8 4 7 2 4 2 8 9 9 7 4 9 9 4 6 7 7 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनके ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक पूर्ण वर्ग है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है)

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. चार

Q.73 निम्नलिखित संख्या युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए, 13 पर – संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

18, 109
17, 103

Ans
- ✗ A. 26, 130
- ✓ B. 22, 133
- ✗ C. 19, 116
- ✗ D. 24, 155

Q.74 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A ≤ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A £ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'A @ D £ J ≠ L ≤ P' है, तो A का P से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की बहन
- ✗ B. पत्नी की माता
- ✓ C. पत्नी का भाई
- ✗ D. पत्नी की माता की माता

Q.75 मि. योरली बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 37 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 42 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 47 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 36 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?
(जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. 15 km, दक्षिण की ओर
- ✗ B. 11 km, उत्तर की ओर
- ✓ C. 10 km, पश्चिम की ओर
- ✗ D. 12 km, पूर्व की ओर

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

N 32, I 25, D 18, Y 11, ?

Ans
- ✗ A. Y 4
- ✓ B. T 4
- ✗ C. S 4
- ✗ D. Z 4

Q.77 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 9 17 26 90 115 ?

Ans
- ✗ A. 231
- ✗ B. 198
- ✗ C. 313
- ✓ D. 331

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

HWR66 , MBW78 , RGB90 , WLG102 , ?

Ans
- ✗ A. BOL114
- ✗ B. EQL114
- ✓ C. BQL114
- ✗ D. BQM114

Q.79 आयुष अपनी कक्षा में ऊपर से 44वें स्थान पर है और नीचे से 25वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 67
- ✗ B. 66
- ✓ C. 68
- ✗ D. 69

Q.80 सात व्यक्ति A, B, D, J, O, T और Z एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाएं केवल एक व्यक्ति बैठा है। B और A के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी बाएं छोर पर नहीं बैठा है। D, Z के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। T और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A के ठीक बाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. J
- ✗ B. T
- ✓ C. D
- ✗ D. B

Q.81 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'steak tooth badge' को 'qj hc sv' के रूप में कूट किया जाता है और 'badge poet lemon' को 'tz qj wv' के रूप में कूट किया जाता है। तो उस भाषा में 'badge' को कैसे कूट किया जाएगा? (सभी कूट दो अक्षरों के हैं।)

Ans
- ✓ A. qj
- ✗ B. sv
- ✗ C. hc
- ✗ D. tz

Q.82 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 ? 19 31 47 67

Ans
- ✗ A. 16
- ✗ B. 18
- ✓ C. 11
- ✗ D. 14

Q.83 संख्या 84157639 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.84 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. DAY
- ✗ B. OLJ
- ✓ C. PNK
- ✗ D. NKI

Q.85 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GJE ZCX SVQ LOJ ?

Ans
- ✗ A. LNJ
- ✓ B. EHC
- ✗ C. BFU
- ✗ D. PRN

Q.86 शब्द REFERTILIZES के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले ठीक दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले ठीक दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✓ A. K
- ✗ B. X
- ✗ C. G
- ✗ D. R

Q.87 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।
कथन:
सभी जोकर, मेंढक हैं।
सभी मेंढक, कार हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कार, मेंढक हैं।
(II) सभी जोकर, कार हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.88 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. AE - GK
- ✗ B. DH - JN
- ✓ C. KO - QV
- ✗ D. HL - NR

Q.89 एक निश्चित तरीके से LM 5 का संबंध NL -14 से है। उसी प्रकार, JK 9 का संबंध LJ -10 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UV 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. NJ 9
- ✗ B. YT -7
- ✓ C. WU -8
- ✗ D. GT 3

Q.90 सात व्यक्ति, Q, M, B, L, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाएं केवल छह व्यक्ति बैठे हैं। Q के बाएं केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। M और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L और G का निकटतम पड़ोसी B है। F और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. एक
- ✘ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

Q.91 सात बॉक्स M, N, O, P, X, Y और Z, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। P के ऊपर केवल N को रखा गया है। P और X के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। Y के नीचे केवल O को रखा गया है। Z को X के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। M के ऊपर दूसरे स्थान पर किस बॉक्स को रखा गया है?

Ans
- ✘ A. Z
- ✘ B. X
- ✘ C. O
- ✔ D. P

Q.92 यदि संख्या 51748623 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✘ A. एक
- ✔ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

Q.93 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए, कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी झोपड़ियां, गाँव हैं।
कोई झोपड़ी, जिला नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई गाँव, जिला नहीं है।
(II) कुछ जिले, झोपड़ी हैं।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✔ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.94 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)।
(बाएं) 4 5 6 2 3 3 3 2 1 1 2 3 8 7 4 6 4 6 5 8 2 5 6 5 4 3 4 2 3 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✘ A. पाँच
- ✘ B. एक
- ✔ C. दो
- ✘ D. एक भी नहीं

Q.95 Tuv अपनी कक्षा में ऊपर से 27वें स्थान पर और नीचे से 64वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✔ A. 90
- ✘ B. 92
- ✘ C. 89
- ✘ D. 91

Q.96 यदि संख्या 82135746 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में दाएं छोर से पहले अंक और बाएं छोर से पहले अंक के बीच कितना अंतर होगा?

Ans
- ✘ A. 4
- ✘ B. 6
- ✔ C. 2
- ✘ D. 8

Q.97 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से BFGJ का संबंध GKLO से है। उसी प्रकार, HKMN का संबंध MPRS से है।
समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ORTU का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✘ A. UXZA
- ✘ B. SVXY
- ✘ C. QEIY
- ✔ D. TWYZ

Q.98 एक निश्चित कूट भाषा में, 'COAL' को '7649' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ALSO' को '5967' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 9
- ✘ B. 6
- ✔ C. 5
- ✘ D. 7

Q.99 X, F की माता है। F, T की बहन है। U, K का पिता है। K, T का पति है। X का U से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. पुत्र की पत्नी की बहन
- ✘ B. माता
- ✔ C. पुत्र की पत्नी की माता
- ✘ D. पुत्री

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. KJ–MO
- ✘ B. CB–FE
- ✘ C. FE–IH
- ✘ D. LK–ON

Prepp Your Personal Exams Guide

"